स्पीड पोस्ट

फा. सं. ए-12024/1/2011-प्रशासन
भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

कमरा सं. 14, उद्योग भवन
नई दिल्ली-110011
दिनांक 09 अक्टूबर, 2014

सेवा में

मैसर्स डिगनस सर्विसेज
1106, पदमा टॉवर-1,
राजेन्द्र पैलेस
नई दिल्ली-110008

विषय: भारी उद्योग विभाग में आउटसोर्सिंग आधार पर डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (डीईओ) और आशुलिपिकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कान्ट्रेक्ट किया जाना।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर दिनांक 30 सितम्बर, 2014 के इस विभाग के पूर्ववर्ती समसंख्यक पत्र के क्रम में और इस विभाग के दिनांक 25 जुलाई 2014 के टेन्डर दस्तावेज में उल्लिखित सभी शर्तों को आपकी फर्म द्वारा अपने पत्र सं. डीजीएस/एनडी/7419/2014 दिनांक 07 अक्टूबर, 2014 के अनुसार स्वीकार कर लेने के बाद, **अधोहस्ताक्षरी को प्रारंभ में 10 अक्टूबर, 2014 से एक वर्ष की अवधि के लिए इस विभाग में डीईओ और आशुलिपिकों की आउटसोर्सिंग हेतु कान्ट्रेक्ट आपकी फर्म से करने के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन सूचित करने का निदेश हुआ है।** आपकी फर्म द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के संतोषजनक पाए जाने पर इस कान्ट्रेक्ट को आगे और बढ़ाया जा सकता है।

2. उपर्युक्त की दृष्टि से, आपसे अनुरोध है कि **इस विभाग में 25 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (डीईओ) और 07 आशुलिपिकों को आउटसोर्स आधार पर तुरंत तैनात करें**। आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि टेंडर दस्तावेज की शर्तों के अनुसार सभी तैनात व्यक्तियों के संबंध में अपेक्षित विवरण/दस्तावेज प्रस्तुत करें।

3. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीय

09/10/2014

(अजय कुमार गौड़)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 23061106